Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 12-12-2006

Participants : Naik Shri Shripad Yasso

an>

Title: Need to take immediate steps to save the distressed Ethanol Industry.

श्री श्रीपाद येसो नाईक (पणजी) :महोदय, लगभग 5 वर्ा पूर्व तत्कालीन राजग सरकार द्वारा बनायीगयी नीति के अनुसार पेट्रोल में 5 प्र ातिशत इथनॉल मिलाने का निर्णय लिया गया था, जिसका मुख्य उद्देश्य जहां पेट्रोल के आयात की कमी करके विदेशी मुद्रा बचाना, तेल के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाना था, वहीं देश में इथेनाल का उद्योग भी स्थापित करना तथा यह भी निर्णय किया गया था कि धीरे धीरे इसकी समीक्षा करके इसकी मात्रा को 5 प्रतिशत से और अधिक बढ़ाया जायेगा। सरकार के इस निर्णय को देखते हुए देश में इथेनाल बनाने के लिए क्षेत्र में आज कई हजार करोड़ रूपया इस उद्योग में लगा हुआ हे, अकेले महाराट्र राज्य में लगभग 600 करोड़ रूपया इस क्षेत्र में लगा हुआ है।

किंतु, आज इथेनाल उद्योग संकट में आ गया है। सरकार द्वारा इथेनाल खरीदने के अधिकार तेल कंपनियों को दिये गये हैं। तेल कंपनियों द्वारा इथेनाल 14 रूपये प्रति लीटर के मूल्य से खरीदा जा रहा है जबकि फैक्ट्रियों में इसकी उत्पादन लागत लगभग 24 रूपये प्रति लीटर आ रही है। जिससे आज यह पूरा उद्योग ही संकट में आ गया है। कई फैक्ट्रियां बंद हो गई हैं और कई बंद होने के कगार पर हैं। इस उद्योग से जुडे लोगों का हजारों करोड़ रूपया डूबने के कगार पर है।

अतः मेरा मंत्री महोदय से अनुरोध है कि उक्त उद्योग को संकट से बचाने के लिए कोई कार्ययोजना बनाए तथा तेल कंपनियों द्वारा इथेनाल का खरीद मूल्य कम से कम 30 रूपये लीटर किया जाये।